(3)

छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय

क्रमांक /वि.स./स्था./2021 रायपुर, दिनांक / /2021

//कार्यालय-आदेश//

आदेशानुसार, "एक भारत श्रेष्ठ भारत" योजनान्तर्गत गुजरात विधान सभा के मा.अध्यक्ष महोदय, सदस्यगण एवं सचिवालय के अधिकारी कुल 15 सदस्यों का प्रतिनिधिमण्डल दिनांक 26 से 30 अगस्त, 2021 तक छ.ग. राज्य के अध्ययन दौरे पर रहेंगे । प्रवास के दौरान प्रतिनिधिमण्डल की शुक्रवार दिनांक 27 अगस्त, 2021 को समय 10.30 बजे सचिवालय में मा. अध्यक्ष, महोदय एवं माननीय सदस्यों से सौजन्य भेंट/बैठक आयोजित है । अतः दिनांक 27 अगस्त, 2021 को कार्यालय समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक रहेगा ।

समस्त अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय आना सुनिश्चित करें । यह भी अपेक्षा है कि सभी अधिकारी /कर्मचारी अपने स्थान पर ही रहें एवं इधर -उधर भ्रमण न करें ।

अधिकारी/कर्मचारी उन्हें प्रदायित पेंट शर्ट के साथ जेकेट में दृष्टव्य रूप से अपना परिचय पत्र लगाकर कार्यालय आयेंगे । समस्त वाहन चालक/ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी उन्हें प्रदाय किए गए निर्धारित वर्दी, जूते एवं टोपी पहन कर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे ।

कोरोना वायरस संक्रमण (COVID-19) से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन एवं मास्क का उपयोग करना अनिवार्य है ।

आदेश से,

(हस्ता.)

उप सचिव,

छत्तीसगढ़ विधान सभा

पृ.क्रमांक 8440 /वि.स./स्था.2021 रायपुर, दिनांक 25/8/2021

प्रतिलिपि

01. मा. अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधान सभा, के सचिव को मा.अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ
02. मा. नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के विशेष सहायक को मा. नेता प्रतिपक्ष महोदय के सूचनार्थ
03. मा.उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के निज सहायक को मा. उपाध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ ।
04. प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय,के स्टॉफ ऑफिसर को प्रमुख सचिव महोदय के सूचनार्थ ।
05. समस्त अधिकारी/कर्मचारी छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।
06. सर्वर कक्ष ।

(हस्ताक्षर)

उप सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा